लीडरशिप, पॉलिसी व गवर्नेंस पर कार्यशाला 19 जनवरी से

रांची. आइआइएम रांची स्थित सेंटर ऑफ एक्सलेंस, अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर ऑफ लीडरशिप, पॉलिसी व गवर्नेंस के तत्वावधान में 19 जनवरी से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. 23 जनवरी 2021 तक ऑनलाइन चलनेवाले इस शीतकालीन कार्यशाला का विषय भी लीडरशिप, पॉलिसी व गवर्नेंस है. इस कार्यशाला में कई विषयों को शामिल किया गया है. जिनमें टीम बिल्डिंग ड्यूरिंग अर्ली स्टेज ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप, डिसिजन मेकिंग इन गवर्नेंस फ्रॉम पॉलिसी टू एक्सक्यूशन, द यूज ऑफ बिग डाटा एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन पब्लिक पॉलिसी तथा 10 टूल्स फॉर डिजाइन थिंकिंग जैसे विषय शामिल हैं. कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में स्वास्थ्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के एडिशनल मिशन डायरेक्टर डॉ हीरा लाल व सीएमपीडीआइ के सीएमडी शेखर शरण सहित अन्य शामिल हैं. इस कार्यशाला में शोधकर्ता, नीति निर्माता, स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थी, नौकरी पेशा लोग भी शामिल हो सकते हैं. कार्यशाला में शामिल व्यक्तियों को ई-प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा. इच्छुक प्रतिभागी (https//iimranchi.ac.in/p/winterschool-1) पर जानकारी ले सकते हैं व आवेदन जमा कर सकते हैं.

Prabhat Khabar, 03.01.2021